ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन द्वारा कोविड-19 से संबंधित यात्रा और वीजा प्रतिबंध

परामर्श: कोविड-19 से संबंधित यात्रा और वीजा प्रतिबंध

1. इटली, ईरान, दक्षिण कोरिया, जापान के नागरिकों को 03 मार्च, 2020 अथवा उसके बाद जारी किए गए सभी नियमित (स्टीकर) वीजा/ई-वीजा (जापान और दक्षिण कोरिया के लिए वीओए सहित) और जिन्होंने अभी तक भारत में प्रवेश नहीं किया है, उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जो लोग किन्हीं बाध्यकारी परिस्थितियों के कारण भारत आना चाहते हैं, वे नजदीकी भारतीय दूतावास/ वाणिज्य दूतावास से ताजा वीजा ले सकते हैं।
2. चीन गणराज्य के नागरिकों को 05 फरवरी, 2020 अथवा उससे पहले दिए गए नियमित (स्टीकर) वीजा/ई-वीजा को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। यह लागू रहेगा। जो लोग किन्ही बाध्यकारी परिस्थितियों के कारण भारत आना चाहते हैं, वे नजदीकी भारतीय दूतावास/ वाणिज्य दूतावास से ताजा वीजा ले सकते हैं।
3. चीन, ईरान, इटली, दक्षिण कोरिया और जापान की 01फरवरी, 2020 अथवा उसके बाद यात्रा करने वाले सभी विदेशी नागरिक जिन्हें सभी नियमित (स्टीकर) वीजा/ई-वीजा दिए गए हैं और जिन्होंने अभी तक भारत में प्रवेश नहीं किया है उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जो लोग किन्ही बाध्यकारी परिस्थितियों के कारण भारत आना चाहते हैं, वे नजदीकी भारतीय दूतावास/ वाणिज्य दूतावास से ताजा वीजा ले सकते हैं।
4. कूटनीतिज्ञ, संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी, ओसीआई कार्डधारक और उपरोक्त देशों के विमान चालक दल को प्रवेश संबंधी ऐसे प्रतिबंधों से छूट दी गई है। लेकिन उनकी मेडिकल स्क्रीनिंग अनिवार्य है।
5. किसी भी बंदरगाह क्षेत्र से भारत में प्रवेश करने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों को अपने बारे में पूरी जानकारी (अपने निजी विवरण यानी फोन नम्बर और भारत में अपना पता सहित) और यात्रा विवरण सभी बंदरगाहों पर स्वास्थ्य अधिकारियों और आव्रजन अधिकारियों को देना जरूरी है।
6. प्रतिबंधित के अलावा चीन, दक्षिण कोरिया, जापान, ईरान, इटली हाँगकाँग, मकाऊ वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, नेपाल, थाईलैंड, सिंगापुर और ताइवान से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से आने वाले यात्रियों (विदेशी और भारतीय) को प्रवेश करने पर मेडिकल स्क्रीनिंग से गुजरना होगा।

भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे चीन, ईरान, कोरिया गणराज्य, इटली की यात्रा करने से बचें और उन्हें सलाह दी गई है कि वे कोविड-19 से प्रभावित देशों की अनावश्यक यात्रा से परहेज करें।